लोक सभा अध्यक्ष ने श्रीमती शुभ्रा मुख़र्जी के दुखद निधन पर शोक व्यक्त किया

नई दिल्ली,18 अगस्त, 2015 : लोक सभा अध्यक्ष, श्रीमती सुमित्रामहाजन ने श्रीमती शुभ्रा मुख़र्जी के दुखद निधन पर शोक व्यक्त किया है । अपने सन्देश में श्रीमती महाजन ने कहा :

"मुझे श्रीमती शुभ्रा मुख़र्जी के निधन के बारे में जानकर बहुत दुःख हुआ है। पिछले 58 सालों से हमारे आदरणीय राष्ट्रपति जी की धर्मपत्नी, श्रीमती मुख़र्जी सृजनशील महिला थीं और वह हमारे सांस्कृतिक और सामाजिक जीवन के सुसंस्कृत पहलुओं और विशेष रूप से रबीन्द्र संगीत में विशेष रूचि रखती थीं। उनका जीवन सादगी, सौजन्यता तथा पारिवारिक और सामाजिक दायित्वों के प्रति प्रेरणास्पद प्रतिबद्धता का प्रतीक था। वह हमारे राष्ट्रपति जी के लम्बे और घटनापूर्ण सार्वजनिक जीवन यात्रा में उनकी सच्ची जीवनसाथी और शक्ति का स्रोत थीं। हालांकि वह संगीत में गहरी रूचि लेने वाली तथा सक्रिय सामाजिक कार्यकर्ता थीं, किन्तु उनकी राजनीति के प्रति तटस्थता इतनी सबल थी कि अपने पति के राजनीतिक करियर की बुलंदी पर जब वह भारत के राष्ट्रपति के उच्च पद पर निर्वाचित हुए और लोग उनकी सफलता का जश्न मना रहे थे, तब भी उन्होंने घर पर रहना पसंद किया। मैं उनके शोक संतप्त परिवार के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त करती हूँ और ईश्वर से प्रार्थना करती हूँ कि वह उनकी आत्मा को शान्ति दें।"